# महाराजा सुहेल देव राज्य विश्वविद्यालय, आजमगढ़

Email- registrar.msduniversity.azamgarh@gmail.com

Website: www.msdsu.ac.in


पत्रांक–3288 / कु0का0 / 2024 दिनांक–18 / 04 / 2024

## कार्यालय-आदेश

### स्नातक पाठ्यक्रमों में लघु शोध परियोजना के सम्बन्ध में दिशा–निर्देश

स्नातक पाठ्यक्रम के समस्त छात्र / छात्राओं को तृतीय वर्ष के पंचम एवं षष्टम् प्रत्येक सेमेस्टर में एक–एक लघुशोध परियोजना, जो प्रत्येक 3-3 क्रेडिट की होगी, का चयन करना होगा। लघुशोध परियोजना छात्र / छात्राओं द्वारा चुने गये स्नातक पाठ्यक्रम के तीसरे एकेडमिक वर्ष (5वें व 6 सेमेस्टर) के दो मुख्य विषयों में से किसी एक विषय से सम्बन्धित होगी। लघु शोध परियोजना Industrial Training, Internship, Survey Work इत्यादि के रूप में भी हो सकती है। लघुशोध परियोजना शिक्षक के निर्देशन में की जायेगी, जो सम्बन्धित छात्र / छात्राओं का शोध सुपरवाइजर होगा, तथा एक अन्य सह–सुपरवाइजर किसी उद्योग / कम्पनी / तकनीकी संस्थान / शोध संस्थान से लिया जा सकता है। छात्र / छात्राऐं तृतीय एकेडमिक वर्ष के अन्त में दोनों सेमेस्टर (5वें व 6वें सेमेस्टर) में की गई शोध परियोजना का संयुक्त प्रबंध (Report/Dissertation) की एक प्रति मूल्यांकन हेतु महाविद्यालय में जमा करेगा, जिसका मूल्यांकन तृतीय एकेडमिक वर्ष के अन्त में (6वें सेमेस्टर में) परीक्षक मण्डल–आन्तरिक परीक्षक (सम्बन्धित शोध–निदेशक) एवं विश्वविद्यालय द्वारा नामित वाह्य परीक्षक द्वारा संयुक्त रूप से 100 अंकों (75 अंक प्रतिवेदन / लघु शोध प्रबंध मूल्यांकन तथा 25 अंक Viva voce) में किया जायेगा।

लघु शोध परियोजना राष्ट्रीय शिक्षा नीति–2020 से आच्छादित स्नातक के सभी पाठ्यक्रमों के सभी विषयों में प्राविधानित है, परन्तु छात्र / छात्राऐं अपनी रूचि के अनुरूप स्नातक पाठ्यक्रम के तृतीय वर्ष के दोनों विषयों मे से किसी भी एक विषय से सम्बंधित लघु शोध परियोजना का चयन करना होगा। जिन विषयों के समान न्यूनतम पाठ्यक्रम में लघु शोध परियोजना की रूप रेखा अधिष्ठित है उन विषयों में उल्लिखित रूपरेखा के अध्यधीन लघु शोध कार्य संपन्न किये जाएंगे, परन्तु जिन विषयों के स्नातक के समान न्यूनतम पाठ्यक्रम में लघु शोध परियोजना की रूपरेखा उल्लिखित नहीं है में भी लघु शोध परियोजना छात्र / छात्राओं के लिए उपलब्ध कराई जाएगी। ऐसे विषयों जिन के स्नातक के समान न्यूनतम पाठ्यक्रम में लघु शोध परियोजना की रूपरेखा उल्लिखित नहीं है उन में लघु शोध कार्य की रूपरेखा विश्वविद्यालय की औपचारिक वेबसाइट https://msdsu.ac.in/ पर"the university ---- NEP 2020" में उपलब्ध UG NEP2020 सी०बी०सी०एस०प्रणाली नियमावली– 2020 के बिंदु 6(e) के अनुरूप संपन्न की जा सकती है। समस्त छात्र / छात्राऐं पंचम् एवं षष्टम् सेमेस्टर में ऑनलाइन परीक्षा फॉर्म भरते समय अपने स्नातक पाठ्यक्रम के तृतीय वर्ष के दोनों विषयों में से किसी एक विषय से सम्बंधित लघु शोध परियोजना का चयन करेंगे।

भवदीय

18.04.24

(विशेश्वर प्रसाद)

कुलसचिव

प्रतिलिपि :–निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित–

01. निजी सचिव, कुलपति, मा0 कुलपति जी के संज्ञानार्थ।
02. प्राचार्य / प्राचार्या / समस्त सम्बन्धित शासकीय / अशासकीय एवं स्ववित्तपोषित महाविद्यालयों को इस आशय से प्रेषित की आप अपने स्तर से स्नातक तृतीय वर्ष के समस्त छात्र / छात्राओं को अवगत कराने का कष्ट करें।
03. समस्त संकायाध्यक्ष / विभागाध्यक्ष / शिक्षकगण, विश्वविद्यालय परिसर।
04. प्रभारी वेव–मास्टर को इस आशय से प्रेषित कि उक्त सूचना विश्वविद्यालय वेबसाइट पर आज ही अपलोड करना सुनिश्चित करें, तथा एजेन्सी तदानुसार परिणाम घोषित / तैयार करने में प्रयोग करें।

कुलसचिव